हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

11 कैंसर पीड़ितों के लिए 36 लोगों ने किया रक्तदान



12 बालोर में बनी अवैध पीवीसी मार्केट में भीषण आग लगी




BRIGADIER RAN SINGH PUBLIC SCHOOL (DUJANA)

# ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल, दुजाना

इंग्लिश मीडियम - सह शिक्षण - सीबीएसई दिल्ली से सम्बद्ध

चहुंमुखी विकास और चरित्र निर्माण में समर्पित



## क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ फिर भी सबसे कमखर्च स्कूल

बिल्डिंग फंड माफ
डेवलपमेंट फंड माफ
स्मार्ट क्लास फीस माफ
स्पोर्टस फंड माफ
कम्प्यूटर फीस माफ

**OUR STRENGTHS**

- DISCIPLINE
- SPORTS
- ACTIVITIES
- VISUAL ARTS
- PERFORMING ARTS
- GREEN HEALTHY
- ENVIRONMENT

**सर्व सुविधाओं से सम्पन्न**

- फुटबाल
- क्रिकेट
- हैंडबाल
- कबड्डी
- टेबल टेनिस
- सी.सी.टी.वी.
- कम्प्यूटर लेब
- साईंस लैब
- मैथ्स लैब
- स्मार्ट क्लास
- वाई-फाई
- स्वीमिंग पूल



GOURAV
S/o Mr. Ravinder Chhara
BASKETBALL
GOLD MEDAL
in National Championship
SILVER MEDAL
in Indo-Nepal Championship



NISHANT
S/o Mr. Rambir Dighal
HANDBALL
SILVER MEDAL
in National Championship




RISHABH
S/o Mr. Vinod Madana
BOXING
GOLD MEDAL
in National Championship



SHUBHAM
S/o Mr. Bhupender Dubldhan
WRESTLING
GOLD MEDAL
in National Championship
National Participent



OSHO
S/o Mr. Mahtab Beri
SWIMMING
2 GOLD MEDAL
in School State Championship
National Participent



ARJUN
S/o Mr. Bhupender Beri
RIFIL SHOOTING
2 SILVER MEDAL
in State Championship
Ist in School Champion

**10th Class Toppers**

| | | |
|---|---|---|
| ARJU | 97.6% | Year -2020 |
| CHITRAKSHI | 99% | Year -2021 |
| RITIKA | 99% | Year -2022 |
| AYUSH | 96.8% | Year -2023 |
| PRATEEK | 97.6% | Year -2024 |

**ADMISSION OPEN**
**NURSERY TO X**
**Session 2025-26**

सुबह 9 :00 बजे से 2 :00 बजे तक

फ्री एडमिशन
नर्सरी से दूसरी
कक्षा तक













SHAMSHER SINGH AHLAWAT
(Chairman)

Cont : 9991838693, 83073336446, 8708636693, 9466594125

**खबर संक्षेप**



झज्जर। गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करते हुए रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

## रोहतक मंडल आयुक्त ने खेतों में फसल गिरदावरी का किया निरीक्षण

**झज्जर।** बुधवार को रोहतक मंडल आयुक्त पीसी मीणा ने जिला में गेहूं व सरसों फसलों की गिरदावरी का निरीक्षण किया और सजरा से फसलों का मिलान भी किया। उन्होंने राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसलों की गिरदावरी का कार्य गंभीरता के साथ किया जाए। क्योंकि फसल गिरदावरी रिपोर्ट किसानों की हित में नीति निर्माण में एक अहम रिपोर्ट होती है। इस दौरान डीआरओ प्रमोद चहल व संबंधित राजस्व अधिकारी भी मौजूद रहे।

### उठान प्रक्रिया धीमी गति से होने के कारण किसानों व आढ़तियों को परेशानी

# आयुक्त ने किया अनाज मंडी का दौरा खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

आयुक्त ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र और फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बुधवार को आयुक्त एवं सचिव और जिला के प्रशासनिक सचिव टीएल सत्यप्रकाश व डीसी प्रदीप दहिया ने रबी फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के तहत झज्जर अनाज मंडी का निरीक्षण किया और आढ़तियों व फसल बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की। आढ़तियों ने बताया कि उठान प्रक्रिया धीमी गति से होने के कारण किसानों व आढ़तियों को परेशानी हो रही है। जिसको लेकर उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र और फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं।





झज्जर। अनाज मंडी परिसर का दौरा करते हुए आयुक्त एवं सचिव व जिला के प्रशासनिक सचिव टीएल सत्यप्रकाश व अनाज मंडी परिसर अपनी फसल को उतरवाते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### जिले में 8119 किसानों की सरसों खरीदी

डीएफएससी अशोक शर्मा ने बताया कि जिले में अभी तक 24707 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज हुई है। जिसमें से 18747 मीट्रिक टन सरसों खरीदी जा चुकी है व 11255 मीट्रिक टन सरसों के लिफ्टिंग का कार्य भी पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि लिफ्टिंग का कार्य तेजी से जारी है व 60 प्रतिशत सरसों की लिफ्टिंग हो चुकी है। जिले में 8119 किसानों को सरसों खरीदी गई है। वहीं, जिले में गेहूं की आवक भी जारी है। जिले में अभी तक 33179 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है। जिले में गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है व 9245 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि लिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से जारी है। जिले में 2730 किसानों से गेहूं की खरीद हुई है।

### गेहूं की खरीद के साथ उठान भी हुआ

**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी में गेहूं और सरसों की खरीद जारी है। बुधवार को बहदुरगढ़ की अनाज मंडी में दस सरकारी गेट पास कटे और कुल 672.5 क्विंटल गेहूं आया। वहीं आसौदा की मंडी में 56 गेट पास कटे तथा 4291 क्विंटल गेहूं आया।दोनों मंडियों में 6117 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। दोनों ही मंडियों में अब तक कुल 21018.5 क्विंटल क्विंटल गेहूं आ चुका है तथा 19115.5 क्विंटल खरीद हो चुकी है। बुधवार को कुल 400 क्विंटल उठान हुआ। पिछले साल इन मंडियों में कुल मिलाकर 99 हजार 668 क्विंटल गेहूं आया था। इस दफा सवा लाख क्विंटल की उम्मीद जताई जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ की मंडी में सरसों की खरीद के लिए एक भी गेट पास नहीं कटा। लेकिन 106 क्विंटल खरीद जरूर हुई। करीब 77



बहादुरगढ़। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते दिनेश कौशिक।

## सेक्टर-2 में हुआ भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन

- 14 को हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बुधवार को सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इसे संबोधित करते हुए भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन व एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह को देखते हुए कार्यकर्ताओं के साथ आमजन में भारी उत्साह है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा आएंगे और हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। वे एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। झज्जर जिले से भी सैकड़ों कार्यकर्ता इनमें भाग लेंगे। भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता नहीं, राष्ट्र प्रथम है। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, आगामी कार्य, योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। सम्मेलन के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित बहादुरगढ़, विकसित हरियाणा और विकसित भारत संकल्प को पूर्ण करने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

सम्मेलन में चेयरपर्सन सरोज राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, विधानसभा प्रभारी दिनेश शेखावत, मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, महाबीर दलाल, सुदेश रंगा, पंकज गर्ग, ऋषि भारद्वाज, जिला पार्षद रवि बराही, अमित कसार, रामकंवार सैनी, भीम सिंह प्रणामी, नरेश भारद्वाज, संजीव सैनी, हरिमोहन धाकरे, अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश छिकारा, संतोष सोलंकी, प्रमिला जून, कामिनी कायस्थ, इंदू बागड़ी, मनोज सिन्हा, मधु मित्तल व सोनू मान आदि मौजूद रहे।

## सराय में हुआ राकेश कोच का अभिनंदन


- हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर पैतृक गांव ने सिर आंखों पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के नवनियुक्त उपाध्यक्ष एवं हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश सिंह सांगवान का उनके पैतृक गांव सराय औरंगाबाद में बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन करते हुए सिर आंखों पर बैठाया।

स्वागत समारोह में प्रधान राकेश राठी, एशियन चैंपियन चरण सिंह राठी, विरेंद्र संगवान, अशोक संगवान, जगरूप राठी, मास्टर नरेंद्र लाठर, मामन सेन व करतार राठी आदि ग्रामीणों ने कहा कि हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव बनने के बाद अब हरियाणा ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष बनकर राकेश सिंह सांगवान ने गांव और इलाके का नाम रोशन किया है।

ग्रामीणों के अनुसार पूरे गांव को गर्व है कि भारत में खेल के शक्तिकेंद्र हरियाणा में राकेश कोच यह महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नियुक्ति इलाके के खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करेगी। राकेश सिंह सांगवान ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा की कुश्ती और खेल परंपरा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने ग्रामीणों के विश्वास और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। वे हरियाणा में खेल संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।



बहादुरगढ़। कोच डॉ. राकेश सांगवान का अभिनंदन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## संस्कृत अध्यापकों ने डीईईओ को किया सम्मानित

**झज्जर।** बुधवार को जिले के संस्कृत अध्यापकों ने डीईईओ डॉक्टर वीरेंद्र मलिक का सम्मान उनके कार्यालय में सम्मान किया। इस दौरान संस्कृत अध्यापक संघ के जिला प्रधान कृष्ण कुमार शास्त्री, प्राचार्य डॉक्टर गोपाल शास्त्री, उपप्रधान युद्धवीर, बहादुरगढ़ ब्लॉक प्रधान जसवंत, झज्जर ब्लॉक प्रधान जोगिंद्र शास्त्री, बेरी ब्लॉक प्रधान कर्मबीर, राजेश शास्त्री, मोतीलाल शास्त्री, संदीप शास्त्री, राजेंद्र शास्त्री, मंगल सिंह शास्त्री, जीत शास्त्री सहित अन्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने डीईईओ के साथ संस्कृत भाषा के उत्थान को लेकर भी चर्चा की।



झज्जर। डीईईओ डॉ. वीरेंद्र मलिक को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए संस्कृत अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## मनोज कुमार को बताया सच्चा भारत रत्न

- कृष्णा कुंज में स्मृति शेष कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वीर मूवीज के कलाकारों द्वारा दयानंद नगर स्थित कृष्णा कुंज में स्मृति शेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिवंगत अभिनेता व निर्माता निर्देशक मनोज कुमार को अपना गुरू मानने वाले गीतकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने भी अपने संस्मरण सुनाए।

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने कहा कि भारत कुमार के नाम से मशहूर रहे मनोज कुमार ने सिनेमा घरों को भारत माता का मंदिर बना डाला। उनके निधन पर सरकार द्वारा इक्कीस तोपों की सलामी के साथ दी गई अविस्मरणीय विदाई के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने की मांग भी की। इस अवसर पर विरेन्द्र कौशिक, रमेश सुखीजा, संदीप शर्मा, विनोद डाबरा और विनीत विद्यार्थी ने मनोज कुमार को कला जगत का महान प्रतिनिधि बताया। कार्यक्रम में राकेश वत्स, कृष्णा वर्मा, शिवांगी, मीनू व अंशिका ने मनोज कुमार को बॉलीवुड का अनमोल हीरा बताते हुए उन्हें अपने भाव पुष्प अर्पित किए।




बहादुरगढ़। दिवंगत मनोज कुमार को याद करते स्थानीय कलाकार। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। गतिविधि में बनाए पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर मेकिंग में प्रथम रहा प्रियांशु

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में आर्थिक विभाग द्वारा बुधवार को 'पोस्टर मेकिंग' गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्या सुमन हुड्डा और उप-प्राचार्या डॉ. अमित छिकारा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम का नेतृत्व पूनम रानी ने किया। गतिविधि में छात्रों ने सतत विकास, मुद्रा की भूमिका, उपभोक्ता संरक्षण आदि विषयों पर पोस्टर बनाए। छात्रों में रचनात्मकता, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया। प्रतियोगिता में प्रियांशु ने प्रथम और शुभम को दूसरा स्थान मिला। कृष्णा और हिमांशी वत्स संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टरों में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और पुनर्चक्रण को दर्शाया गया। मुद्रा और उपभोक्ता संरक्षण पर बने पोस्टरों ने आर्थिक शिक्षा और उपभोक्ता अधिकारों की ओर ध्यान आकर्षित किया। निर्णायक मंडल में जोगेंद्र सिंह, अमित कुमार और प्रो रचना शामिल थे। उन्होंने छात्रों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की।

# घरेलू रसोई गैस के दामों में वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- घरेलू रसोई गैस के दामों को वापस लिए जाने की मांग

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस के दामों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाने के विरोध में बुधवार को स्थानीय रेवाड़ी बाईपास पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान घरेलू रसोई गैस के दामों को वापस लिए जाने की मांग की।

प्रदेश कमेटी सदस्य ओमवीर सिंह ने एलपीजी के रेट बढ़ाने की निंदा करते हुए इसे जनविरोधी करार दिया। जिला कमेटी सदस्य सतपाल सभ्रवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हरियाणा सरकार ने बिजली के रेट बढ़ाए थे और गार्बेज कलेक्शन चार्ज भी लगाया था। इससे पहले केंद्र सरकार ने टोल टैक्स के दामों में वृद्धि की थी। उन्होंने कहा कि एक तो महंगाई ने पहले ही आम लोगों का जीना दूभर किया हुआ है ऊपर से सरकार खुद इसे बढ़ावा दे रही है। इस मौके पर संगठन सदस्य संसार सुरहेती, नवीन, जोगिंद्र सिंह, बलवान सिंह, नीटू, रामफल, तुषार, संदीप, गोलू, कृष्ण तथा मनोज आदि ने भी अपने संबोधन में बढ़ाए गए दामों को वापिस लिए जाने की मांग उठाई।




झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। जॉब मेले में चयनित विद्यार्थियों के साथ संस्थान अनुदेशक एवं कंपनी प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## अप्रेंटिस जॉब मेले में बीस विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में बुधवार को अप्रेंटिस जॉब मेले का आयोजन किया गया। जॉब मेले में गुरुग्राम जिले के फारुर्खनगर क्षेत्र की निजी कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। संस्थान के प्लेसमेंट अनुदेशक प्रवीण कायत ने बताया कि साक्षात्कार के दौरान बीस विद्यार्थियों का अप्रेंटिस के लिए चयन किया गया। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक अशोक कुमार, वर्ग अनुदेशक राहुल तथा डब्ल्यूसीएस अनुदेशक नरेंद्र झांसवा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली रवाना करते सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में नशे से दूर रहने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में बुधवार को विस्तार व्याख्यान व रैली का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सैल के जिला प्रभारी सतीश कुमार, एएसआई राखी व हैड कांस्टेबल सविता ने स्वयंसेविकाओं को नशे के विरुद्ध तथा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला बना रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति अपने साथ परिवार और समाज की हानि करता है। युवा पीढ़ी नशे का शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है। इसके कारण स्त्रियां उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। एएसआई राखी ने बताया कि नशे की लत से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत दुनिया भर के लोगों को प्रभावित करती है। नशे के उपयोग से गंभीर दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। सतीश कुमार व डॉ आशा शर्मा ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# गर्भवती को पौष्टिक आहार लेने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए सीएचसी डीघल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि गर्भधारण के दौरान महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रखना चाहिए। वे ऐसे समय में दो-दो जिंदगियों का पालन पोषण करती हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को खुशमिजाज रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे गर्भ में पलने वाले शिशु को भी सकारात्मक उर्जा मिलती है। उन्होंने किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर महिला विशेषज्ञ से परामर्श लेने की बात कही। शिविर के दौरान सीएमओ ने कर्मचारियों व अधिकारियों से कहा कि योजना का लक्ष्य हाई रिस्क प्रेगनेंसी को ढूंढना तथा समय पर सही उपचार देकर उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना है। गर्भवती महिला में एनीमिया की कमी न होने पाए। अगर ऐसा पाया जाता तो समय-समय पर उसका फॉलोअप भी लिया जाए। इस मौके पर एमएस डॉक्टर नरेश दहिया, महिला विशेषज्ञ एवं मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर कनुप्रिया, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राहुल, डेंटल सर्जन डॉक्टर अंजू, होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मनीषा, आयुर्वैदिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुमन धनखड़, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर विजय, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रेनू, अकाउंटेंट भागवत वर्मा, अर्जुन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। गर्भवती महिलाओं में गुड़ व चने आदि खाद्य सामग्री प्रदान करते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला।

## खबर संक्षेप

### विशेष जागरूकता अभियान जारी

**बहादुरगढ़।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए श्रम विभाग द्वारा जिले में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, डेब्ल व हॉस्पिटैलिटी वर्कर, कंटेंट एवं मीडिया सर्विस और अन्य सर्विस प्रोवाइडर को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि अधिक से अधिक गिग वर्कर्स इस अभियान का लाभ उठाएं और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराएं।

### 75 प्रतिशत अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप

**झज्जर।** एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा जो किसान डीजल पंप से सिंचाई कर रहे हैं, उन्हें 75 प्रतिशत अनुदान पर सबमर्सिबल 3 एचपी मोनोब्लॉक, 7.5 एचपी सबमर्सिबल और 10 एचपी सबमर्सिबल उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कदम का उद्देश्य डीजल पंप से होने वाले अधिक खर्च और पर्यावरण प्रदूषण को कम करना है। आवेदन करने की अंतिम तिथि आगामी 21 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### चमनपुरा में 12 को पहुंचेगी साइक्लोथॉन यात्रा

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ आगामी 12 अप्रैल को साइक्लोथॉन के दौरान उपमंडलवासियों की सक्रिय जन सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि साईकिल यात्रा की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। जिसके चलते विभिन्न विभागों की ड्यूटी निर्धारित की गई हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा दो गांवों चमनपुरा और डीघल को कवर करेगी। प्रत्येक पड़ाव स्थल पर मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सहायता, जल व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।


रेणुका नांदल, एसडीएम बेरी।

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ प्रतियोगिता में नौंवी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौंवी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्राध्यापिका कमलेश ढिल्लो की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में नौंवी कक्षा से हिमांशी, दसवीं कक्षा से साधना, ग्यारहवीं कक्षा से दृष्टि व बारहवीं कक्षा से वंशु को प्रथम स्थान मिला। इसी प्रकार नौंवी से वैशाली, दसवीं से मन्नु, ग्यारहवीं से रश्मि व बारहवीं से अंशु ने द्वितीय तथा नौंवी की नेहा व ध्रुवी, दसवीं से निखिल व किरण, ग्यारहवीं से अदिति व बारहवीं से प्रियांशु व अंकुश जाखड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निदेशक रमेश गुलिया ने बताया कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकें। इस दौरान ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**झज्जर।** आरईडी विद्यालय में बुधवार को इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के गांधी, रमन, सुभाष व टैगोर सदन के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स मीट में एथलेटिक्स, खो-खो, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, फुटबॉल, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्या अनिता सिवाच द्वारा प्रमाण-पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने खेलों को जीवन का अभिनन अंग बताते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में जागृति ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका ने किया। उन्होंने कहा कि उद्यमी होने के लिए जोखिम उठाने की क्षमता, सृजनात्मक ज्ञान और कौशल का होना बहुत जरूरी है। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का निर्णय वाणिज्य प्राध्यापक सुनील कुमार, प्रदीप यादव और डॉक्टर कुलदीप ने किया। प्रतियोगिता में एमकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा जागृति ने पहला, सनगुप्ता यादव ने दूसरा स्थान और बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण तीसरे स्थान पर रही। विद्यार्थियों ने एआई, सामाजिक वाणिज्य, मोबाइल वाणिज्य, निजीकरण, त्वरित वाणिज्य, प्रभावशाली विपणन, लचीले भुगतान विकल्प, साइबर सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

### स्लोगन में सोनाली व चित्रकला में अंकिता रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में मेरा युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 22 एनसीसी कैडेट्स ने युवा शक्ति विकसित भारत पर स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य दिगपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ, सामाजिक जिम्मेदारी और रोजगार के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता का संचालन सतेंद्र वशिष्ठ, डॉक्टर काजल सचदेवा व रीमा द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षिका बंटी व पूनम ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में स्लोगन प्रतियोगिता में सोनाली को पहला, सेजल को दूसरा व कुंदन कुमार को तीसरा स्थान मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में अंकिता पहले, खुशी दूसरे व दीपांशी तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेताओं को संस्थान की ओर से प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। कॉलेज पदाधिकारियों के साथ इंस्पेक्टर सतीश कुमार व अन्य। फोंटो :हरिभूमि

# रोड सेफ्टी पर दिया व्याख्यान

## छात्राओं को नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिला यातायात प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि नियमों का पालन करने से हम अपने परिवार के साथ दूसरों की भी जान बचा सकते हैं। सड़क पर सतर्क रहकर ड्राइविंग करें, ओवरटेक करने से बचें। हमेशा ड्राइविंग के समय सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। सड़क पर जरूरी सिग्नल होने पर गाड़ी रोकें व दूसरों को रास्ता देने के लिए सिग्नल का प्रयोग करें। शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और तेज स्पीड से बचें। कोई दुर्घटना होने पर 112 एप पर पुलिस को सूचना देने और डेढ़ लाख रुपये तक की राशि के मुफ्त ईलाज की जानकारी दी। कॉलेज उपप्रधान प्रेमचंद बंसल ने भी नियमों का पालन करने का आह्वान किया। राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने सड़क सुरक्षा के नियम पालन के लिए प्रेरित किया। रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी प्रवेश दहिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में आशीष कुमार, पवन अग्रवाल, विवेक तायल, शिव कुमार गुप्ता और हवलदार सविता आदि उपस्थित रहे।

# कैंसर पीड़ितों के लिए 36 लोगों ने किया रक्तदान


झज्जर। शिविर के दौरान रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व मनोज लाखा भाईचारा ग्रुप द्वारा क्षेत्र के गांव माजरा डी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स बाढ़सा की चिकित्सकीय टीम ने सेवाएं दीं। संस्था सदस्य रीना ने बताया कि कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ लगाए गए इस रक्तदान शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था सदस्यों द्वारा सभी रक्तदाताओं को जहां बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया वहीं उन्हें प्रमाण पत्र देकर भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विकास धनखड़, केशव, मंदीप, सागर, जयदीप, जसवंत, हेमंत कुमार, हन्नु, पवित्रा, सोनू, अभिषेक, नीरज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# प्रतिदिन सैर करने व दौड़ने का आह्वान


बहादुरगढ़। दौड़ लगाती वैश्य कॉलेज की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

■ प्रचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की यूथ रैडक्रॉस व आउटरीच सैल की स्वयंसेविकाओं ने रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने दौड़ लगाकर शारीरिक व मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए जागरुकता फैलाई। प्रचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। सैर करके हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। दौड़ लगाने से श्वसन तंत्र सुदृढ़ होता है। व्यायाम करने से हमारी रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ती है। हमें सुबह शाम या तो दौड़ लगानी चाहिए या सैर अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने समझाया कि दौड़ लगाने से हम उत्साह को अनुभव करते हुए खुश और तनाव मुक्त महसूस करते हैं। अच्छी भूख लगती है तथा सही नींद आती है। शारीरिक विभाग की प्रीति ने बताया कि हमें प्रतिदिन 5 से 10 मिनट की दौड़ अवश्य लगनी चाहिए। डॉ. दीपिका ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


# कृष्णा कटारिया ने छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्राम भारती मिडिल स्कूल में बुधवार को गुल्लक पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर रिटायर्ड कर्नल सुरेंद्र सिंह मलिक व अनिता मलिक ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। स्कूल संचालक गुरचरण सिंह ने विद्यार्थियों को बचत से भविष्य में होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। मुख्याध्यापिका कृष्णा कटारिया ने अनुशासन का महत्व समझाया। शिक्षिका पूनम नरवाल ने भी सुंदर चित्रकारी बनाई। पुष्पा, सोनिया, रजनी, रेखा और पिंकी ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।


बहादुरगढ़। गुल्लक पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## खाटू श्याम की मूर्ति हुई स्थापित



**बहादुरगढ़।** लाइनपार के न्यू पटेल पार्क स्थित देवी मां मंदिर में बुधवार को खाटू श्याम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। कार्यक्रम में शिरकत कर विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने खाटू श्याम जी की पूजा अर्चना की। खाटू श्याम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। पंडित भरत जोशी सहित आयोजन कमेटी के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक पुत्र सचिन जून का स्वागत किया तथा श्याम बाबा का पटका पहनाकर सम्मान किया। सचिन राजेश जून ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हारे के सहारे खाटू वाले श्याम बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले भक्तों के जीवन से सभी संकट व दुख दूर होते हैं। श्याम बाबा उनके घर परिवार में सुख व समृद्धि के भंडार भर देते हैं।

# कर्मचारियों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक


झज्जर। कर्मचारियों नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षु आईपीएस फैजल खान। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** बुधवार को प्रशिक्षु आईपीएस फैजल खान ने दादरी तोए गांव क्षेत्र में स्थित वेयरहाउस कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभाव और साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। आईपीएस फैजल खान ने कहा कि नशा करने से जहां हमारे शरीर को नुकसान होता है, वहीं समाज में हमारी छवि भी खराब होती है और हमें धन की हानि भी होती है। इसलिए स्वयं भी नशा न करें और दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। अगर आपके आसपास क्षेत्र में कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसा कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराध से तभी बचा जा सकता है जब हम इसके प्रति जागरूक हो। उन्होंने बताया कि आज का युग टेक्निकल युग है। किसी के भी पास कोई भी ओटीपी मैसेज लिंक किसी अनजान नंबर से आए तो उसे पर क्लिक न करें तथा ओटीपी किसी के साथ साझा ना करें, तभी हम साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं। किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पाल पुत्र श्री तिलक राज निवासी छोटु राम नगर, लाईनपार बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र करण व मेरी पुत्रवधु नितु मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

**राजकीय उच्च विद्यालय दहकौरा (3117), झज्जर**

दिनांक 16/04/2025 को GHS DEHKORA में सूखे / हरे झुके हुए पेड़ों की नीलामी है। सभी इच्छुक बोलीदाता इसमें भाग ले सकते हैं। बोली दिनांक 16/04/2025 को सुबह 11:00 बजे GHS DEHKORA के प्रांगण में की जाएगी। बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस में सुबह 09:00 बजे से बाद दोपहर 02:00 बजे तक पेड़ों को स्कूल में आकर देख सकते हैं।
संपर्क सूत्र: 9215056089, 9306855628.

मुख्याध्यापक
राजकीय उच्च विद्यालय
दहकौरा (3117), झज्जर

## जगदीश कटारिया ने बाबा की पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की

# किस्मत वालों को मिलता है, श्याम तेरा दरबार..

■ भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय हरिपुरा मोहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जगदीश कटारिया ने बाबा की पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की। समिति प्रधान संजय मक्कड़ ने बताया कि गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जगदीश कटारिया, सुनील गेरा, सतीश कटारिया, विनोद मदान, नयन हंस, युगल हरित, राजेंद्र वधवा, योगेश रंजन आदि गायक कलाकारों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। संजय मक्कड़ ने सारे तीर्थ धामआपके चरणों में, हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में.., जगदीश कटारिया ने किस्मत वालों को मिलता है, श्याम तेरा दरबार..., सतीश कटारिया ने तुझे तेरे बाबा पे भरोसा जो होगा, जो कुछ भी होगा, अच्छा ही होगा.., विनोद मदान ने मेरे बाबा मुझे खाटू बुला लीजिए..., बिट्टू चुघ ने तू किरपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा.., राजेद्र वधवा ने देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, मेरे सिर पर रख दो अपने ये दोनों हाथ.., योगेश रंजन ने मैं रोज तेरे दर आता हूं, कभी तुम भी मेरे घर आया करो..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर प्रवीण सुखीजा, रामावतार गेरा, जगदीश चोपड़ा, भारत भूषण नंदा, अशोक जैन, सतीश गाबा, सुषमा कटारिया, आशा शर्मा, सुषमा गाबा, ममता कटारिया, संतोष हंस, सरोज नागपाल, कंचन, मोना धींगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। श्रीराम मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आज पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**बहादुरगढ़।** वीरवार को दिल्ली-रोहतक रोड तथा शहर की कई कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। दो फिडरों पर तार बदलने संबंधित कार्य के चलते सुबह 9 से दोपहर दो बजे तक का कट घोषित किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए जेई कुलदीप ने बताया कि वीरवार को 11केवीए दयानंद नगर तथा 11 केवीए जीई परनाला फिडर के तार बदले जाएंगे। सुबह 9 से दोपहर दो बजे तक यह काम चलेगा। इस दौरान इन फिडरों से संबंधित धर्मपुरा, दलबीर नगर, दयानंद नगर, शास्त्री नगर, जटवाड़ा, कच्चा बाग, वाल्मीकि मोहल्ला, राम नगर, विवेकानंद नगर, रोहतक-दिल्ली रोड पर आपूर्ति बाधित रहेगी। जनता से सहयोग की अपेक्षा है।

### अग्निपथ व रेगुलर के 25 तक खुला रहेगा पोर्टल

**झज्जर।** अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत ऑनलाइन पोर्टल अब आगामी 25 अप्रैल तक खुला रहेगा। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक ने बताया कि रोहतक, झज्जर, सोनीपत और पानीपत जिलो के युवक अग्निवीर जनरल ड्यूटी,अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी,अग्निवीर तकनीकी,अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवी पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पहले 10 अप्रैल तक थी जिसे अब 25 अप्रैल तक आगे बढ़ा दिया गया है।

### फ्रिज का कंप्रेशर फटने से घर में आग लगी

**बहादुरगढ़।** गांव मेहंदीपुर डाबोदा में स्थित एक मकान में आग लग गई। फ्रिज का कंप्रेशर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना में मकान में रखा काफी सामान जल गया। गनीमत रही कि जब हादसा हुआ तो घर पर कोई मौजूद नहीं था। सचिन के घर में यह हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की देर शाम को सचिन का परिवार कहीं बाहर गया था। मकान में कोई नहीं था। रात करीब आठ बजे अचानक मकान में आग लग गई। परिवार के लोग जब घर लौटे तो आग का पता चला। इसके बाद आसपड़ोस के लोगों के साथ मिलकर आग बुझा दी गई। लेकिन तब तक काफी सामान जल गया था।

### बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

बहादुरगढ़। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। बुधवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, छोटूराम नगर के निवासी हरीश ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आठ मार्च को उसकी बाइक चोरी हो गई। इस शिकायत पर केस दर्ज हुआ। आरोपी की पहचान अभिषेक के रूप में हुई। वह छोटूराम नगर का रहने वाला है।

## एक के बाद दूसरे गोदामों में भड़की आग, दमकल कर्मी बुझाने में जुटा

# बालोर में बनी अवैध पीवीसी मार्केट में भीषण आग लगी

■ प्लास्टिक, पॉलीथिन, रबड़ व कपड़े का कबाड़ था ■ कई वाहन भी आग की चपेट में आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बाईपास पर बालोर गांव के खेतों में अवैध रूप से बनाई गई पीवीसी मार्केट में बुधवार की देर शाम भीषण आग लग गई। देखते ही देखते यहां मौजूद छोटे-बड़े कई गोदाम आग की चपेट में आ गए। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर हैं। फिलहाल आग पूरी तरह से भड़की हुई है। दरअसल, दिल्ली में प्रतिबंध लगने के बाद वर्ष 2019 में प्लास्टिक व्यापारियों ने बहादुरगढ़ का रुख किया था। देखते ही देखते बहादुरगढ़ के कई गांवों तक यह कारोबार फैल गया। यहां बहादुरगढ़ बाईपास पर गांव बालोर के खेतों में भी काफी संख्या में छोटे बड़े अवैध पीवीसी गोदाम हैं। इनमें प्लास्टिक, पॉलीथिन, रबड़, कपड़ा आदि कबाड़ यहां इकट्ठा किया जाता था। जिन्हें डंप, सेग्रिगेट और रिसाइकिल किया जाता है। बुधवार की रात को अचानक यहां आग लग गई। प्लास्टिक, रबड़ आदि स्क्रैप होने के चलते आग तेजी से फैलती गई। देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। स्क्रैप सहित कुछ वाहन भी जले हैं। सूचना पाकर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। यहां मौजूद प्रवासी कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। बहरहाल, देर रात तक दमकल कर्मी बहादुरगढ़ सहित अन्य स्टेशनों की गाड़ियों के सहारे आग बुझाने में जुटे थे। पुलिस भी मौके पर है। बार बार आग लगने से बालोर सहित आसपास के ग्रामीण भी बहुत परेशान हैं। बाईपास पर बालोर के खेतों में कुछ महीने पहले भी भीषण आग लगी थी। कई दिन तक पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी





आगजनी में जलता वाहन

हरिभूमि में आठ अप्रैल का प्रकाशित समाचार


पीवीसी कबाड़ के अवैध गोदामों पर दर्ज होगी एफआईआर, नप ने की 21 लोगों की पहचान

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने पुलिस उपायुक्त को पत्र लिखा

खेतों में बने गोदामों से इलाके में वायु और जल प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है





बहादुरगढ़। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाते बिजलीकर्मी।

## तीन ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई

■ 100 केवीए के 3 ट्रांसफार्मरों की क्षमता 200 केवीए तक बढ़ाई

**बहादुरगढ़।** शहर के शास्त्री नगर में बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए 100 केवीए के 3 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर 200 केवीए की गई है। इससे गर्मी के मौसम में ओवर-लोडिंग और हाई-लो वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने कहा कि नायब राज में आमजन को बिजली समस्या से जूझना नहीं पड़ रहा। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री अनिल विज के आशीर्वाद से वार्ड-14 की जनता को बिजली की किसी समस्या से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। हर समस्या का स्थाई समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरुरत अनुसार भविष्य में भी नए बिजली ट्रांसफार्मर लगवाएं जाएंगे।

## पटाखों के उत्पादन, बिक्री व इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि एनसीआर में पटाखों के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित है। आदेशों के तहत पटाखों की ऑनलाइन माध्यम से भी बिक्री व खरीद नहीं की जा सकती। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एडिशनल चीफ सेक्रेटरी पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के आदेशानुसार यह प्रतिबंधित जिले में भी प्रभावी तरीके से लागू हैं। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया गया है।

# दो दिन बाद भी नहीं मिला हिरासत से भागा झब्बू


हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ सीआईए सहित कई टीमें आसपास के इलाकों में कर रही छापेमारी

पुलिस हिरासत से भागा आरोपी दो दिन बीत जाने के बाद भी नहीं मिल पाया है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को काबू करने की भी बात कही जा रही है।

दरअसल, कुछ समय पहले बुपनिया में हुई फायरिंग के मामले में सीआईए 2 ने बुपनिया के निवासी नवीन उर्फ झब्बू को रिमांड पर लिया था। देर रात करीब डेढ़ बजे वह लघुशंका के बहाने वॉशरूम तक गया और पुलिसकर्मी को धक्का देकर वहां से भाग निकला। तब से सीआईए सहित कई टीमें उसकी तलाश में लगी हुई हैं। उसके गांव सहित कई संभावित ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी है लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। आरोपी पर जानलेवा हमला करने सहित कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके फरार होने से पुलिस की चिंता भी बढ़ी हुई है। आरोपी के गिरफ्त में आने के बाद ही पुलिस को राहत की सांस मिल पाएगी।

## कोसली रोड पर बाईपास पर स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरा कायम



**झज्जर।** शहर के कोसली रोड पर बाईपास के नजदीक सड़क पर स्थित खंभों पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कई माह से बंद है। ऐसे में यहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। जिस कारण न केवल राहगीरों को आने-जाने में परेशानी आती है बल्कि वाहन चालकों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का भय बना रहता है। कोसली रोड निवासी राजेश सैनी, दीपक, सोमपाल, विजयपाल, मोहित, रितिक, रोहताश, जयकृष्ण, मनीष, मंजीत ने बताया इससे परेशानी हो रही है।

# सेना के जवान से 3.74 लाख की ठगी

**बहादुरगढ़।** साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बहादुरगढ़ में अब भारतीय थल सेना के एक जवान के साथ वारदात हुई है। टास्क के नाम पर शातिरों ने जवान को झांसा देकर तीन लाख 74 हजार 600 रुपये की चपत लगा दी।

पीड़ित जवान की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर-2 के निवासी एक युवक के साथ हुई है। वह भारतीय थल सेना में कार्यरत है। युवक के मुताबिक, गत छह मार्च को वह अपने घर पर था। इस दौरान व्हाट्सएप पर मैसेज आया। पार्ट टाइम जॉब के ऑफर संबंधित उस मैसेज में भारतीय कल्चर को बढ़ावा देने के लिए कुछ होटल के रिव्यू देने के लिए कहा गया। बताया गया कि प्रत्येक रिव्यू पर 50 रुपये दिए जाते हैं। वह शातिरों के झांसे में आ गया। जैसे ही 150 रुपये हुए तो शातिरों ने खाते में भेज दिए। हर बार टास्क में एक लिंक दिया जाता, जो क्रिप्टो मार्केट की तरह एक एक्सचेंज का होता है। जिसमें पहले पैसे इन्वेस्ट करने पड़ते हैं। मैंने दो हजार रुपये इन्वेस्ट किए और बदले में 2800 रुपये मेरे खाते में आ गए। इस तरह से वे हर बार बढ़ाकर रुपये इन्वेस्ट कराते रहे। इन्वेस्ट न करता तो कहते कि आपके पहले की रकम डूब जाएगी। इस तरह से हजारों रुपये से शुरू हुआ सिलसिला लाखों तक पहुंच गया। जब पैसा निकालने लगा तो नहीं निकला और अकाउंट फ्रीज हो गया।वे कहने लगे कि अपने तरीके से फॉलो नहीं किया।

### अकाउंट फ्रीज हो गया

आपका अकाउंट फ्रीज हो गया है। आपको तीन लाख 60 हजार देने होंगे, तभी आपको अपनी दस लाख की राशि दी मिल पाएगी। इसके बाद मुझे यकीन हुआ कि मामला धोखाधड़ी का है। फिर शातिरों ने मुझे सभी ग्रुप में ब्लॉक कर दिया। मेरे साथ तीन लाख 74 हजार 600 रुपये का फ्रॉड हुआ है। उधर, पुलिस का कहन है कि मामले में जांच की जा रही है।

## इको की टक्कर से बाइक सवार फोटोग्राफर की मौत

**झज्जर ।** शहर के गुरुग्राम मार्ग पर फ्लाईओवर के नजदीक एक इको गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार फोटोग्राफर को टक्कर मार दी। हादसें में आई गंभीर चोटों के कारण फोटोग्राफर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरहा गांव निवासी करीब 29 वर्षीय गुलशन पुत्र गुलाब सिंह के तौर पर हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतक विवाहित था और झज्जर शहर में उसकी फोटोग्राफर की दुकान है। उसका एक 6 महीने का बेटा है। मृतक गुलशन के पिता की करीब 16 वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। उसका छोटा भाई सीआईएसफ में तैनात है। इस संबंध में मृतक के चाचा महेंद्र सिंह के बयान पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक गुलशन के चाचा महेन्द्र सिंह पुत्र सुबे सिंह ने बताया कि उसका भतीजा गुलशन शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में फोटोग्राफर की दुकान है।



वह मंगलवार की सुबह अन्य दिनों की तरह अपनी मोटरसाइकिल से दुकान पर आया जो देर रात तक घर नहीं लौटा। बाद में उन्हें रात करीब दो बजे गुलशन के एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे।

### जाखोदा से संदिग्ध हालत में किशोर लापता, केस

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा से एक किशोर लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। जाखोदा के निवासी हरेंद्र का कहना है कि उसका करीब 16 वर्षीय बेटा रौनक आठ अप्रैल की सुबह अपने दोस्त के पास जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। शाम तक नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की लेकिन नहीं मिला। वहीं, उधर, पुलिस ने संबंधित धारा के तहत केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक कोमा में

**बहादुरगढ़।** गांव मातन में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेटे के ईलाज के लिए पिता ने अपनी तमाम पूंजी खर्च कर दी लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ, वह कोमा में है। परिजनों ने हादसे के लिए ट्रक चालक को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।। पुलिस को दी शिकायत में छारा के निवासी सुरेंद्र ने कहा है कि गत 14 जनवरी को मेरा लड़का दीप बाइक पर सवार होकर रिवाड़ी खेड़ा से छारा आ रहा था।

मातन में जब रिवाड़ी खेड़ा मोड़ के पास पहुंचा तो एक ट्रक ने अचानक कट मार दिया। इस वजह से मेरे बेटे की बाइक टकरा गई। सिर में चोट लगने से बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बेटे को सांपला स्थित अस्पताल ले गए। वह 18 जनवरी तक आईसीयू में रखा गया। हालत ज्यादा खराब होने के चलते पीजीआई रोहतक में लेकर गए। गत 27 मार्च तक वहां ईलाज चला। तब ट्रक चालक सुखबीर और मालिक प्रवीण ने आश्वासन दिया था कि आपकी हर तरह से सहायता करेंगे। इस वजह से हमने केस दर्ज नहीं कराया। लेकिन उन्होंने हमारी कोई सहायता नहीं की और ईलाज कराने से इंकार कर दिया। बकौल सुरेंद्र, मैंने अपने जीवनभर की तमाम पूंजी अपने बेटे के ईलाज पर लगा दी है। अब ईलाज कराने के लिए और पैसे नहीं रहे। अभी कुछ दिन पहले अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद उसे घर ले आए। उसे आज तक होश नहीं आया है, वह कोमा में है। उसके शरीर की कोई प्रतिक्रिया नहीं हो रही। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# वीसी ने छात्राओं को डिग्री देकर किया सम्मानित

■ प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, कॉलेज में हुई गतिविधियों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में दूसरे दीक्षांत समारोह एवं तीसरे वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एमडीयू रोहतक के उपकुलपति प्रो. राजबीर सिंह, आरसीआई अध्यक्ष डॉ शरनजीत कौर और परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### 85 छात्राएं पुरस्कृत

दीक्षांत समारोह में सत्र 2021-2024 में स्नातक की पढ़ाई पूर्ण करने वाली छात्राओं को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा सत्र 2023-2024 के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 85 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, स्टाफ की कमी बारे अवगत करवाया। साथ ही कॉलेज में हुई गतिविधियों की जानकारी दी।

उपकुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह महत्वपूर्ण दिन होता है। यह शिक्षा के सफर का अंत नहीं है। यह जिम्मेदारी की शुरुआत है। इस ज्ञान से हम धन अर्जित करते हैं। अपनी और समाज की तरक्की सुनिश्चित करते हैं। इस उपलब्धि पर परिवार, कॉलेज और मित्रों के प्रति कृतज्ञता जरूरी है। व्यवहारिक ज्ञान जीवन से मिलेगा। एनईपी भी प्रेक्टिकल ज्ञान देने के लिए संकल्पबद्ध है। सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश के 54 विश्वविद्यालयों में एमडीयू पहले नम्बर पर है। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ शरनजीत कौर ने जिम्मेदारियों का संवेदनशील होकर निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।




बहादुरगढ़। छात्रा को डिग्री प्रदान करते मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व स्टॉफ।

### समाज सेवा महाविद्यालय का नाम रोशन करें

एमडीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने कहा कि विद्यार्थी उपाधि प्राप्त करने के बाद जीवन में मेहनत व लगन से कार्य करें। समाज सेवा करें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। एमडीयू में आठवें स्थान पर रही छात्रा सीजल को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुस्कान दहिया को सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण के लिए सम्मान मिला। रिया मलिक को साहित्यिक गतिविधियों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंजली ने सांस्कृतिक गतिविधियों और नेहा ने अकादमिक प्रदर्शन के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। समन्वयक डॉ. सुदेश राठी और संयोजक संगीता गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया। मंच संचालन डॉ शिल्पा व डॉ मोना ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजवंती शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. अनीता दलाल, डॉ. सुनीता छिल्लर, डॉ. सीमा, डॉ. मेहर सिंह व मंजू छिकारा आदि मौजूद रहे।

## डाबोदा के नजदीक केएमपी पर मिला शव, नहीं हो पाई पहचान

■ राहगीर ने सड़क पर शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा के नजदीक केएमपी एक्सप्रेस वे पर एक व्यक्ति का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सदर थाना पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना मंगलवार शाम की है। दरअसल, सड़क किनारे शव पर किसी राहगीर की नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में रखवाया। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कुछ भी बरामद नहीं हुआ।

### उम्र 55 के आसपास

मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष आंकी जा रही है। किसी बीमारी या भूख, प्यास से मौत होने की आशंका जताई जा रहा है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। सदर थाने से जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि 72 घंटे के लिए शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।